दैनिक जागरण 20/03/2024

सामाजिक बुराइयों को लेकर निकाली जागरूकता रैली

जागरूकता रैली में जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता; अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं ड्राप्स आफ चेंज के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य समाज को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना रहा। रैली की शुरुआत प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।

उन्होंने कहा कि है यह रैली एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमारे समाज में व्याप्त समस्याओं को सामने लाने और उनका समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कालेज सदैव आम जनता को बेहतर और समृद्ध समाज की दिशा में प्रेरित करने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से हमारा उद्देश्य समाज को समृद्ध, संबलित और समानता की भावना से युक्त बनाना है। रैली के संयोजक डा. राकेश कुमार ने बताया कि इस रैली में जातिवाद, लिंग भेदभाव, अशिक्षा आदि पर जागरूक किया। इस रैली में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एसएस नैन, डा. राकेश कुमार, डा. तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, कालेज में कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए पावर प्वाइंट प्रीजेंटेशन विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों को पावर प्वाइंट प्रस्तुतियों को सुगमता पूर्वक बनाने और सीखने का एक सुनहरा अवसर प्रदान रहा। इस दौरान कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डा. उपिंद्र कौर, डा. सुरजीत आदि मौजूद रहे।